तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 9 सितंबर 2025

10 आपदा की घड़ी में पंजाब के साथ खड़ा हर नागरिक



10 नशे को ना व शिक्षा-खेलों में मन लगाएं युवाः सैनी



## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले का आयोजन दस को

**जींद।** सहायक रोजगार अधिकारी अनन्या ने बताया कि उपमंडल रोजगार कार्यालय सफीदों में 10 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में करनाल की पुखराज हेल्थ केयर कंपनी द्वारा 12वीं पास युवाओं के लिए वेलनेस एडवाइजर पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही सुरक्षा कंपनी द्वारा गार्ड,सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती की जाएगी।

### पत्नी की हत्या करने के मामले में पति गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सदर क्षेत्र के गांव में विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले की जांच थाना सदर के एसआई शक्ति सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव घोघ निवासी आरोपी बिट्टू राम को काबू किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मृतका के भाई बुढा खेड़ा निवासी शमशेर की शिकायत अनुसार उसकी बहन दर्शना की शादी वर्ष 2008 में आरोपी बिट्टू राम से हुई थी।

### दुकान में जुआ खेलते चार काबू, पचास हजार बरामद

**जींद।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने पटवार भवन के निकट दुकान में बने केबिन में ताशों से जुआ खेलते चार लोगों को काबू कर कब्जे से 50 हजार 350 रुपये बरामद किए हैं। पकड़े लोगों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। शहर थाना सफीदों पुलिस को सूचना मिली थी।

### बेकरी स्टोर से सामान चोरी, 2 किशोर पकड़े

**कैथल।** थाना शहर क्षेत्र के एक बेकरी स्टोर से सामान चोरी करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एचसी जसमेर सिंह की टीम द्वारा करते हुए गांव बहराइच युपी निवासी दो 17 वर्षीय नाबालिगों को निरुध किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल निवासी रोहित बंसल की शिकायत अनुसार उसकी खुराना रोड कैथल पर स्थित इफको फूड के नाम से बेकरी स्टोर हैं।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी तथा जेवरात चोरी

**जींद।** गांव निडाना में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर नगदी, सोना, चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निडाना निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जुलाई माह में बाहर चला गया था। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 60 हजार की नकदी व जेवर चोरी कर लिए।

### कनाडा भेजने के नाम पर 15.30 लाख ठगे

**कैथल।** अमरगढ़ गामड़ी निवासी एक युवक को विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख 30 हजार 500 रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पहले तो युवक को कनाडा भेजकर काम दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन रुपये लेने के बाद आरोपी मुकर गए। इस मामले में सिविल लाइन थाना की पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डेरे में चोरी करते एक दबोचा, दूसरा फरार

**जींद।** गांव बिधराना में डेरे में चोरी करते एक युवक को डेरे के मंहत तथा सेवादार ने काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि दूसरा आरोपित फरार होने मे कामयाब हो गया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मंहत की शिकायत पर दोनों युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आरोपी को शरण देने वाला आरोपित दबोचा

**कैथल।** आत्महत्या को मजबूर करने के मामले की जांच एसआई रामबीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी हाबड़ी रोड़ पूंडरी निवासी लखविंद्र को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बरसाना निवासी विशाल की शिकायत अनुसार उसकी 28 वर्षीय बहन जो ग्रेजुएशन कर चुकी थी और नौकरी की तैयारी कर रही थी।

## जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सभी अधिकारी कर रहे कार्य

# घग्गर का जलस्तर 24.6 फीट तक पहुंचा, प्रशासन अलर्ट

**अधिकारी जमीनी स्तर पर लोगों को राहत पहुंचाने में जुटे, डीसी एसपी और अन्य अधिकारी पूरी स्थिति पर निगरानी बनाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका/कैथल

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि घग्गर के जलस्तर के कारण जिन गांवों के खेतों में पानी भरा है, उन गांवों में अधिकारी जमीनी स्तर पर लोगों को राहत पहुंचाने में जुटे हैं। घग्गर के जल स्तर की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। सोमवार को घग्गर का जल स्तर 24.6 फुट पर 53695 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया है। डीसी प्रीति, एसपी आस्था मोदी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी पूरी स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारी जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर कार्य कर रहे हैं और आमजन की सहायता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को उन्होंने स्वयं सरोला, दाबा, चाबा, रत्ताखेड़ा लुकमान, खंबहेड़ा, कुंडी वाला बंध आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया और किसानों की समस्याएं सुनी। तहसीलदार रविंद्र भी मौजूद रहे।

### एसडीएम ने किया विभिन्न गांवों का दौरा, किसानों की सुनी समस्याएं



गुहला के एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह बाढ प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनते।



ब्रह्म शक्ति आश्रम में स्थापित पुलिस फ्लड वार्निंग स्टेशन पर कर्मचारी।

#### तटबंध मजबूतीकरण कार्य जारी

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सरपंचों से निरंतर संपर्क बनाए हुए हैं। कहीं पर भी तटबंध कमजोर होने की सूचना प्राप्त होती है तुरंत सिंचाई विभाग द्वारा मशीनों के माध्यम से तटबंध मजबूतीकरण कार्य किया जा रहा है। लगभग 200 से ज्यादा लेबर मौजूद है।

#### मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि इस स्थिति में किसी भी आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी लक्ष्य को लेकर प्रशासन द्वारा गठित टीमें गांवों में ग्रामीणों को हर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि सूचनाओं के आधार पर पीछे टांगरी व मारकंडा आदि नदियों में पानी कम हो रहा है और धीरे-धीरे गुहला-चीका क्षेत्र में भी पानी कम होने की संभावना है। राजस्व विभाग के अधिकारी निरंतर पानी से भरे खेतों का दौरा कर रहे हैं।

#### पुलिस बल किया तैनात

**कैथल।** घग्गर के जल स्तर के दृष्टिगत पुलिस विभाग की टीम निरंतर कार्य कर रही है। कैथल-पटियाला रोड स्थित घग्गर टटियाणा गेज के नजदीक ब्रह्म शक्ति आश्रम में स्थापित पुलिस फ्लड वार्निंग स्टेशन दिन-रात सूचनाओं का आदान प्रदान कर रहा है। इस स्टेशन पर दो कर्मचारियों (मुख्य सिपाही विजय सिंह व कुलविंदर सिंह )की ड्यूटी लगाई गई है, जो शिफ्ट वाइज कार्य कर रहे हैं। घंटे-घंटे के रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भिजवाई जा रही है। यह केंद्र पटियाला, समाना, झांसा, जनसूई हैड से सीधा संपर्क बनाया हुआ है, ताकि पिछले क्षेत्रों की सूचनाएं प्राप्त होती रहे। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि गुहला-चीका क्षेत्र में घग्गर से लगते क्षेत्रों पर पुलिस पैनी नजर बनाए हैं। पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किए हैं। वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत कंपनी तैनात की गई हैं, जिसमें 70 जवान शामिल हैं। इसकी अगुवाई इंस्पेक्टर राजपाल व साहिल कर रहे हैं। वहीं एसएचओ और तीन चौंकी इंचार्जो की टीम भी क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग कर रही हैं। डीएसपी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह न फैलाएं। यदि कोई मामला संज्ञान में आएगा तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**विभिन्न विभागों के अधिकारी जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर कार्य कर रहे व आमजन की सहायता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे।**



उचाना। लोगों की समस्याओं को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

## नुकसान के लिए खोला ई-क्षतिपूर्ति पोर्टलः अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि सरकार भारी बारिश के कारण हुए नुकसान की निरंतर निगरानी कर रही है। सीएम नायब सिंह सैनी भी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौर कर अधिकारियों से निरंतर अपडेट ले रहे है। बाढ़ से फसल को नुकसान को लेकर ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। उचाना क्षेत्र के किसानों द्वारा बीते दिनों दौरे के दौरान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल नहीं खुलने की जानकारी दी थी। इसको लेकर डीसी जींद से बातचीत की थी। अब ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है ताकि उस पर किसान जो फसल नुकसान हुआ है उसको दर्जा कर सकें। सरकार किसानों के साथ इस प्राकृति आपदा में साथ खड़ी है किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है।

#### चारा मंगवाया जाएगा

उन्होंने कहा कि अब तक क्षतिपूर्ति पोर्टल पर प्रदेश के 2897 गांवों के 169738 किसानों ने 996701 एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण करवाया है। बाढ़ व जलभराव से ग्रस्त क्षेत्रों में तुरंत राहत के लिए प्राथमिकताएं तय की हैं। सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा तत्काल राहत उपायों के लिए जिलों को आरक्षित निधि के रूप में कुल 3 करोड़ 6 लाख रुपये स्वीकृत किए। ऐसे क्षेत्रों जिनमें हरे चारे की कमी हुई तो इस समस्या को दूर करने के लिए उन जिलों से सूखा चारा मंगवाया जाएगा।

## नशा तस्करी के दोषी को चौदह साल की सजा

- जुर्माना राशि न भरने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट नेहा नौरिया की अदालत ने नशा तस्करी के जुर्म में एक दोषी को 14 वषै की कैद व एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 10 नवंबर 2021 को सीआईए स्टाफ नरवाना गांव धमतान साहिब के निकट आने जाने वाले लोगों पर नजर रखे हुए थे। रात को बाइक सवार व्यक्ति पंजाब की तरफ से आता दिखाई दिया जो पुलिस पार्टी को देखकर कुछ दूरी से वापस मुडऩे लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर व्यक्ति को काबू कर लिया। तलाशी लिए जाने पर उसके कब्जे से 400 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गांव अरनू पटियाला (पंजाब) निवासी प्रीतम राम के रूप में हुई थी। गढ़ी थाना पुलिस ने प्रीतम के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था।



जींद। परिजनों से बातचीत करते पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

### युवक के हत्यारों की तलाश जारी

**जींद।** गांव घोघड़ियां में युवक की सूए और पेचकश घोंपकर की गई हत्या के मामले में आरोपितों को गिरफ्तारी को लेकर सीआईए और उचाना पुलिस की दो टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपितों को काबू कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि 28 अगस्त को घोघड़ियां गांव में नाग देवता मंदिर में मेला लगा हुआ था। उस मेले में गांव का 33 वर्षीय गोविंदा भी अपने परिजनों के साथ पूजा अर्चना करने गया हुआ था। इस दौरान गांव के ही सचिन, रोबिन, विशाल, सन्नी, बिंद्र, संदीप और अलीपुरा निवासी अजय ने उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद उस पर सूए और पेचकश से हमला कर दिया था। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरोपी हमला के बाद मौके से भाग गए थे। परिजन उसे तुरंत नागरिक अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे हिसार के एक निजी अस्पताल ले गएए जहां शनिवार रात उसने दम तोड़ दिया।

## जलनिकासी के कार्य में लाई जाए तेजी : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

एसडीएम जगदीश चंद्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हाल में भारी बरसात से खेतों में जलभराव की निकासी के कार्य में और तेजी लाई जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पंप सेट, पाइपलाइनए डीजल इंजन सहित अन्य जल निकासी यंत्रों का उपयोग किया जाए। सभी अधिकारियों का मुख्य फोकस आबादी में जलभराव रोकने पर रहे। ऐसे गांव जिनकी बस्तियों में बरसाती पानी खड़ा हैए उसे तुरंत प्रभाव से निकला जाए ताकि लोगों की मकान इत्यादि संपत्तियों को बचाया जा सके। एसडीएम जगदीश चंद्र ने यह निर्देश सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न गांव से आए हुए लोगों की शिकायतें सुनते हुए दिए। समाधान शिविर में उपमंडल के धरोदी इस्माइलपुर भिखेवाला जाजनवाला फरैन तथा दनौदा सहित अनेक ग्राम पंचायतों ने एसडीएम के सामने बारिश से खेतों में जलभराव की बात रखी। उन्होंने बताया कि खेतों में ज्यादा पानी खड़ा रहने से मौजूद खरीफ फसल लगभग खत्म हो चुकी है और रबी फसल की बिजाई के संकट का भी अंदेशा बन चुका है।



आदेश देते।

#### ये रहे मौजूद

समाधान शिविर में तहसील कार्यालय से ऑफिस कानूनगो बलवान सिंहए बीडीपीओ कार्यालय से एसईपीओ तेजवीर सिंह व रितुए एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग कुलदीप सिंहए तहसील कल्याण अधिकारी सन्तरो देवीए वन अधिकारी अश्वनीए निरीक्षक सहायक खाद्य आपूर्ति विभाग मानवेंद्र सिंहए एसडीओ मार्केट कमेटी रोशन लालए जेई लोक निर्माण विभाग प्रदीप शर्माए जेई बिजली विभाग अजय खरबए पशुपालन विभाग के डॉक्टर भारत भूषण सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

#### कई गांवो में फसल प्रभावित

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की समस्या पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने कहा कि उपमंडल के कई गांवो में फसल प्रभावित हुई है साथ ही कई गांवो के खेतों में वर्तमान में जल भराव ज्यादा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार आपदा की इस घड़ी में प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार द्वारा फैसला लिया गया है। इसके लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। प्रभावित किसान अपने नुकसान का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। एसडीएम ने आगे कहा कि संकट की इस घड़ी में आपसी तालमेल और धैर्य बनाए रखने की जरूरत है। प्रशासन तथा आमजन मिलजुल कर ही आपदा की इस घड़ी से पार पा सकते हैं। राहत एवं बचाव कार्य निरंतर जारी है।

## वेयरहाउस में बन रहे गोदाम निर्माण पर घटिया सामग्री का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

वेयरहाउस में करोड़ों की लागत से बन रहे नए गोदामों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय किसानों ने ठेकेदार पर घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप लगाते कहा है कि सरकारी धन की खुली लूट की जा रही है। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते निर्माण कार्य की जांच नहीं हुई तो ये गोदाम शुरू होने से पहले ही जर्जर हो जाएंगे। भाकियू के युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने तीखे शब्दों में कहा कि सरकार किसानों के पसीने की कमाई से जमा किए गए टैक्स के पैसों से योजनाएं बनाती है, लेकिन ठेकेदार व अफसरशाही की मिलीभगत से उस पर भ्रष्टाचार की परत चढ़ जाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों के अन्न को सुरक्षित रखने के नाम पर अगर घटिया काम हुआ तो भाकियू सडक़ से सदन तक बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। कसाना ने कहा कि किसान पहले ही मौसम की मार और बाजार की लूट से परेशान है, अब अगर उसके अनाज को सडऩे से बचाने वाले गोदाम ही घटिया सामग्री से बनेंगे तो यह किसानों के साथ दोहरी मार होगी।

#### जांच करवाई जाएगी

वेयरहाउस एसडीओ कपिल ने आरोपों को खारिज करते कहा कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री नहीं लगाई जा रही। वह स्वयं समय-समय पर निरीक्षण करते हैं। फिर भी अगर किसी को शक है तो उसकी जांच करवाई जाएगी।

#### 5000 एमटी की क्षमता

वेयरहाउस प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि यहां गेहूं, चावल व सरसों के 5 हजार एमटी की क्षमता वाले गोदाम बनाए जा रहे हैं। वैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था से खुले में खराब होने वाले अन्न की बरबादी पर काफी हद तक रोक लगेगी।



जींद। मांगों को लेकर धरना देते बिजली कर्मचारी यूनियन नेता।

### समस्याओं को लेकर दिया धरना

**जींद।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा शहरी सब यूनिट ने प्रधान राजेश की अध्यक्षता में शहरी उपमंडल अधिकारी के खिलाफ धरना दिया। धरने का संचालन सब यूनिट सचिव सुनील कुमार ने किया। इस धरने पर मुख्य रूप से राज्य उप प्रधान संजीव ढांडा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से उपमंडल अधिकारी कर्मचारियों की जायज मांगों को अनदेखा कर रहा हैए आज इस आपदा में भी उपमंडल अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित नही रहते हैं। जिससे निगम कर्मचारी व जनता परेशान हैं। लगातार यूनियन बातचीत करना चाहती है लेकिन एसडीओ की तानाशाही इस प्रकार बड़ी हुई है, वह कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं करना चाहते हैं और कार्यालय में उपस्थित नही रहते हैं।

**सुविधा** | प्रोटीन मिल्क बार बच्चों को मिड-डे मील के तहत दी जाएगी

## अब राजकीय विद्यालयों में बाल वाटिका से 8वीं तक के बच्चे प्रोटीन मिल्क का चखेंगे स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय विद्यालयों में बाल वाटिका से आठवीं तक के बच्चे प्रोटीन मिल्क बार खाएंगे। यह प्रोटीन मिल्क बार बच्चों को मिड डे मील के तहत दी जाएगी। बच्चों को योजना के तहत दूध भी पहले की तरह दिया जाएगा। इसके लिए निदेशालय ने सभी जिलों के मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया है। इसकी सप्लाई स्कूल में शुरू कर दी जाएगी। राजकीय विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने के लिए मिड डे मील योजना चल रही है। इसके तहत प्रतिदिन बच्चों को दोपहर का भोजन दिया जाता है। इसके तहत बच्चों को सप्ताह में दो दिन बच्चों को फ्लेवर्ड मिल्क भी दिया जाता है। वहीं अब मौलिक निदेशालय ने अब मील योजना के तहत बच्चों को प्रोटीन मिल्क बार भी देने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य बाल वाटिका से आठवीं के बच्चों में पोषण की स्थिति सुधारना है। पोषण स्थिति सुधारने में यह प्रोटीन मिल्क बार काफी सहायता करेगा। प्रोटीन मिल्क बार स्वादिष्ट होने के कारण बच्चे आसानी से खाएंगे। चूंकि बच्चे चॉकलेट बड़े शौक से खाते हैं। इसीलिए निदेशालय ने मिल्क बार देने का निर्णय लिया है। इसके बाद अब मिड डे मील के तहत विद्यालयों में बच्चों को फ्लेवर्ड दूध के साथ प्रोटीन मिल्क बार भी दिया जाएगा। योजना में बाल वाटिका तीन से आठवीं तक के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है।



#### सप्ताह में दो दिन दी जाएगी

खंड शिक्षा अधिकारी राजपाल देशवाल ने बताया कि शिक्षा विभाग का प्रयास है कि विद्यार्थियों का पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक विकास भी अच्छे से हो। इसके तहत मिड डे मील में विद्यार्थियों को दोपहर के समय भोजन दिया जाता है। योजना के तहत विद्यालयों में मिड डे मील में प्रोटीन मिल्क बार दी जाएगी। इसके लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं। यह सप्ताह में दो दिन दी जानी है। बच्चों को दूध स्कूलों में पहले से ही दिया जा रहा है।

## दूसरे दिन भी नहीं लगा बीस वर्षीय दीपक का कोई सुराग

- गोताखोरों और प्रशासन की टीम लगातार कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी के गांव फतेहपुर के नजदीक पनचक्की के पास सरसा ब्रांच नहर में डूबे 20 वर्षीय युवक दीपक उर्फ गोलू का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया। हाऊसिंग बोर्ड रोहतक का रहने वाला दीपक उर्फ गोलू 3 दिन पहले अपनी बहन के घर जन्मदिन फंगशन में भाग लेने के लिए आया हुआ था। रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ नहर में नहाने गया था, तभी तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और लगातार सर्च अभियान चला रही है।सोमवार को भी प्रशासन ने वोट मंगवाकर गोताखोरों की मदद से तलाश जारी रखी। करनाल से आए पुलिस अधिकारी कृष्ण कुमार और उनकी टीम ने भी गोताखोरों के रूप में काफी देर तक सर्च किया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इस दौरान सर्च ऑपरेशन में नहर से एक बाइक जरूर मिली, जिसकी हालात देखकर लग रहा था कि ये कई दिन पहले से नहर में गिराई गई है।

## खबर संक्षेप

### रंजिशन मारपीट करने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव सिवानामाल में रंजिशन मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिवानामाल निवासी जगबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही सुरेश के साथ कहासुनी हो गई थी। जिस पर आरोपित ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुरेश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जेसीआई वीक नौ से 15 तक मनाएगा जाएगा

**जींद।** जेसीआई जींद क्लासिक की बैठक चैप्टर अध्यक्ष जेसी लक्की बत्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जेसीआई वीक नौ से 15 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान नौ सितंबर को पत्रकारों से बातचीत और मास गैदरिंग मैराथन होगी। 10 सितंबर को फ्री ट्रेनिंग्स एवं पब्लिक सेशन होंगे। 11 सितंबर को इनडोर, आउटडोर गेम्स, जुम्बा सेशंस और हेल्थ चेकअप कैंप रखे जाएंगे।

### दयालु योजना के तहत दी जा रही आर्थिक सहायता

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

### मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

### बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे सरकार

**जींद।** सीपीआई एमजिला कमेटी ने उत्तर भारत में बाढ़ और भूस्खलन की असाधारण स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, हरियाणाए राजस्थान और दिल्ली भारी बारिशए बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे हैं। पार्टी जिला सचिव कपूर सिंह ने बताया कि उत्तर भारत कि बाढ़ से पंजाब सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है और राज्य के सभी 23 जिले बाढ़ प्रभावित घोषित हैं। रिपोर्टों के अनुसार राज्य के 1655 गांवों में लगभग तीन लाख एकड़ खड़ी फसलें आंशिक रूप से या पूरी तरह से जलमग्न हैं।

### स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आज

**उचाना।** पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत शहर के रेलवे स्टेशन के पास लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे। उचाना मंडलध्यक्ष सतीश जांगड़ा ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता का संदेश देने के साथ-साथ संकल्प भी दिलाया जाएगा।

### धर्मसिंह कालोनीवासी में पेयजल किल्लत

**नरवाना।** धर्म सिंह कॉलोनी जो की नवदीप स्टेडियम के पीछे है आज बहुत ही दयनीय स्थिति में है। वहां के कॉलोनीवासी गंदा पानी पीने का मजबूर है साथ ही सीवर के ओवरफ्लो होने की वजह से गंदे पानी में से ही निकलने को लाचार है। धर्म सिंह कॉलोनी में गली नंबर पांच में लोगों ने कहा कि दो-तीन महीने से सिवरेज व्यवस्था ठप्प है अधिकारियों को सूचना के बावजूद भी सीवरेज नहीं खुल रहा।

## नप चेयरमैन ने एक माह का वेतन व 3.22 लाख सीएम राहत कोष में दिए

# आपदा की घड़ी में पंजाब के साथ खड़ा हर नागरिक : डा. अनुराधा

### पंछियों के लिए बनाए जाएंगे टावर, मिलेगा चुगा-पानी

चार करोड़ 30 लाख 45 हजार खर्च होंगे शहर के विकास तथा सौंदर्यीकण पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी। फोटो :हरिभूमि

नगर परिषद चेयरमैन डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि बाढ़ के रूप में आपदा से पंजाब में बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। उन्होंने अपने एक माह का वेतन के अलावा नप के अधिकारियों, कर्मियों तथा पार्षदों ने 3. 22 लाख की सहायता राशि सीएम आपदा राहत कोष में दी है। उन्होंने कहा कि नप शहर के सौंर्दयकरण तथा विकास के 17 कार्यों पर चार करोड़ 30 लाख 45 हजार रुपये खर्च करने जा रही है। बरसात को सीजन खत्म होने के साथ सड़कों को भी दुरुस्त किया जाएगा।

नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इस मौके पर नप के ऑडिटर अशोक सैनी, गोबिंद सैनी, पार्षद सतीश हरियाणवी, उप प्रधान प्रतिनिधी मिंकू शर्मा, पार्षद संजय, समेत अन्य पार्षद मौजूद थे। डा. अनुराधा ने कहा कि आपदा की घड़ी में हरियाणा के लोग तथा सरकार पंजाब के साथ खड़े हुए हैं। सीएम नायब सैनी से पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर को पांच-पांच करोड़ की आर्थिक सहायता दी है। जींद नप के कर्मियों, अधिकारियो तथा पार्षदों ने भी सीएम राहत कोष में अपना योगदान दिया है। उन्होंने लोगो से अपील की कि वे पंजाब में आई बाढ़ से वहां के लोगों को उभारने के लिए अपना योगदान जरूर दें। उन्होंने कहा कि शहर में विकास कार्यों और सौंर्दयकरण पर चार करोड़ 30 लाख 45 हजार रुपचे खर्च करने जा रही है। नप की योजना में पंछी टावरों को निर्माण करना भी है ताकि पक्षियों को उनके ठिकाने के साथ दाना पानी मिल सके। उन्होंने लोगों से आसपास इलाके को स्वच्छ रखने की अपील भी की ताकि बीमारियो को फैलने से रोका जा सके। मलेरिया के अनुरूप मौसम को देखते हुए नप द्वारा फोगिंग भी करवाई जा रही है। उन्होनें उन लोगो को भी चेताया जो पशुओं को शहर की तरफ छोड़ जाते हैं। पकड़े जाने पर ऐसे लोगों के खिलाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की बात कही। सड़कें टटूने के मामले में उन्होंने कहा कि बारिश के कारण सड़कें टूटी हैं। बारिश के बंद होने पर सड़कों की रिपेयरिंग करवाई जाएगी।

#### साफ-सफाई को अपनाने का आह्वान

नप की योजना में पंछी टावरों को निर्माण करना भी है ताकि पक्षियों को उनके ठिकाने के साथ दाना पानी मिल सके। उन्होंने लोगों से आसपास इलाके को स्वच्छ रखने की अपील भी की ताकि बीमारियो को फैलने से रोका जा सके। मलेरिया के अनुरूप मौसम को देखते हुए नप द्वारा फोगिंग भी करवाई जा रही है। उन्होनें उन लोगो को भी चेताया जो पशुओं को शहर की तरफ छोड़ जाते हैं। पकड़े जाने पर ऐसे लोगों के खिलाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की बात कही।

# डिजिटल लत से बचाए बचपन : रविंद्र

- मोतीलाल स्कूल में हुई फोन से दूर रखें, बचपन को बचाएं गतिविधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की प्राथमिक विभाग में विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का मुख्य विषय था फोन से दूर रखें, बचपन को बचाएं। वर्तमान समय में बच्चों पर मोबाइल फोन और डिजिटल गैजेट्स का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी पृष्ठभूमि में विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों को मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों से अवगत कराने और उन्हें इसके अत्यधिक प्रयोग से बचाने हेतु जागरूकता गतिविधि



आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। अध्यापकों ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को श्डिजिटल लत से होने वाले नुकसान को रोचक अंदाज में दर्शाया और शिक्षकों ने बच्चों को सरल भाषा में समझाया कि मोबाइल और डिजिटल दुनिया कितनी भी आकर्षक क्यों न लगे। किंतु इसके अति प्रयोग से मासूमियत खो जाती है।

#### सीमित मात्रा में उपयोग करें

बच्चों का बचपन जितना प्राकृतिक वातावरण और खेलकूद में बीतेगा, उनका भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा। मोबाइल से दूर रहकर ही हम मासूम बचपन को सुरक्षित रख सकते हैं। विद्यालय प्रशासक श्री वीपी शर्मा ने कहा कि यह गतिविधि बच्चों को न केवल मोबाइल से दूरी बनाने की प्रेरणा देती है बल्कि यह संदेश भी देती है कि तकनीक तभी उपयोगी है जब उसका सही ढंग से और सीमित मात्रा में उपयोग किया जाए। मासूम बचपन को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए विद्यालय शिक्षक और अभिभावक को मिलकर कार्य करना होगा।



जींद। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों द्वारा खींचे गए चित्र। फोटो :हरिभूमि

### कैलाश प्रथम, नवीन द्वितीय

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी एवं कंप्यूटर विज्ञान विभागों के संयुक्त तत्वावधान में मेरे लेंस के माध्यम से कैम्पस विषय पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉलेज परिसर के अनूठे कोनों, रोजमर्रा की गतिविधियों एवं छिपी हुई सुंदरता को कैमरे की दृष्टि से देखने और प्रस्तुत करने हेतु प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और परिसर की हरियाली तथा प्राकृतिक सौंदर्य को आकर्षक ढंग से कैमरे में कैद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक बनाती हैं। प्रतियोगिता में कैलाश को प्रथम, नवीन को द्वितीय तथा रिद्धिमा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को इनाम राशि एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल में निशा, रीतु, सतप्रकाश, पुष्पा ढांडा, डा. वीरेंद्र कुमार, डा. सविता, डा. पूनम मौजूद रही।

### समाधान शिविर में सुनी नौ शिकायतें

**जींद।** जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। जिला स्तरीय समाधान शिविर में कुल नौ शिकायतें दर्ज हुई। जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शहर के वार्ड 19 के निवासियों ने बताया कि बिजली के खंभे पेड़ों से सटे हुए हैं। जिसके कारण तार पेड़ों में उलझे रहते हैं और हवा चलने पर उनमें से चिंगारी निकलती है। जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव झमोला निवासी रोहित ने अपनी फसलों में बरसात का पानी भरने और उसकी निकासी की समस्या रखी। गांव बूढ़ा खेड़ा से पहुंचे शिकायतकर्ता ने कब्रिस्तान में चारदीवारी बनाने की मांग की। वहीं गांव कालवन से शीलू ने अविवाहित पेंशन बनवाने का आवेदन प्रस्तुत किया।

### बुखार पीड़ितों की बनाई रक्त पट्टिका

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत जाजवान गांव में एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा, जयवीर सिंह, रीनू शर्मा, सुनीता कुमारी व पवन कुमार ने गांव में रैपिड फीवर मास सर्वे किया व नुक्कड़ सभाएं करके मलेरिया डेंगू बुखार के कारण, लक्षण, बचाव बारे जागरूक किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा छतों पर पड़े कबाड़ को साफ करवाया, टंकी, कूलर, होदी व फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे के पानी मे लार्वा की जांच की गई। सुशील शर्मा ने मलेरिया बुखार के लक्षण बताते हुए कहा कि इसमे कंपकपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है। इसके अलावा सिर दर्द, उल्टी व दस्त, चक्कर आना, जी मचलना व पूरे शरीर मे थकावट होती है। बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि अपने आसपास पानी न खड़ा होने दें। अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें। कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दें। मच्छरदानी लगाकर सोएं और ध्यान रखें कि उस पर मच्छर मारने वाली दवा लगी हो व उसमें कोई छेद न हो और वह कहीं से फटी न हो तथा वह अच्छी तरह लगी हो ताकि मच्छर अंदर न आएं।



जींद। रक्त के सैंपल लेते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि




नरवाना। गायों को हरा चारा खिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### गोसेवा से घर में सुख-समृद्धि का वास

**नरवाना।** रोटरी क्लब नरवाना द्वारा पूर्णिमा के अवसर पर कृष्ण गोशाला में हरे चारे एवं गुड़ की सेवा की गई। इस अवसर पर क्लब के प्रधान विकास सिंगला ने बताया कि गौसेवा से व्यक्ति अपने जीवन के जाने-अनजाने पापों से मुक्त होता है। गौ सेवा से घर में सुख, समृद्धि आती है।गाय की सेवा को नारायण ईश्वर की सेवा के समान माना जाता है, जो सभी देवताओं के आशीर्वाद का माध्यम बनती है। गौ सेवा वास्तव में एक पुण्य कार्य है और रोटरी क्लब सदैव सामाजिक, धार्मिक एवं सेवाभाव से जुड़े कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है। अवसर पर क्लब के सदस्य रूपक बंसल, आकाश गुप्ता, योगेंद्र पाल गुप्ता, तन्व्या चौधरी, सिद्धार्थ चौधरी, मनोज मित्तल, विकास गुप्ता, राजेंद्र बंसल, शशिकांत गर्ग, निखिल चौधरी एवं प्रदीप गर्ग, विक्रम गोयल ने मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाई।

### नेट जेआरएफ को लेकर जानकारी दी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी में योग विज्ञान विभाग में योग विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए यूजीसी नेट जेआरएफ के बारे में लेक्चर करवाया गया। डा. कुलदीप नारा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते कहा कि आप सभी अपनी कक्षाओं के साथ-साथ नेट जेआरएफ क्वालीफाई करते यूनिवर्सिटी का सामान बढ़ाएं। योग विज्ञान विभाग के इंचार्ज डा. वीरेंद्र कुमार द्वारा लेक्चर लेने आए पीएचडी स्कॉलर नवनीत शर्मा का परिचय करवाते हुए बताया कि यह इसी यूनिवर्सिटी में 2019-21 के स्तर में एमए योग के छात्र रहे हैं। जिन्होंने अपने पहले अटेम्प्ट में ही नेट जेआरएफ क्वालीफाई किया। इस समय स्वामी रामा हिमालयन यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रहे हैं तथा साथ ही बच्चों को ऑनलाइन नेट जेआरएफ की कोचिंग दे रहे हैं। नवनीत शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नेट जेआरएफ को फस्ट अटेम्प्ट में कैसे क्लीयर किया जा सकता है और नेट की तैयारी के लिए कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों की भी जानकारी दी। डा. वीरेंद्र कुमार ने नवनीत शर्मा को बच्चों को नेट जेआरएफ की विस्तृत जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया।



जींद। बच्चों को नेट जेआरएफ की जानकारी देते वक्ता। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### सीएम घोषणाओं को पूर्ण करना सुनिश्चित करें अधिकारी

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में सीएम घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार प्रोजेक्ट्स की स्थिति पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया और संबंधित अधिकारियों से अपडेट ली । उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाएं सरकार की प्राथमिकता हैंए इसलिए सभी अधिकारी इन्हें गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि अनावश्यक देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पेंडिंग कार्यों की रिपोर्ट निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। विभागवार समीक्षा में अधिकांश प्रगति पर चल रहे प्रोजेक्ट्स 75 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुके हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को शेष कार्यों में तेजी लाने और समयबद्ध तरीके से पूरे करने पर जोर दिया। जिन प्रोजेक्ट्स का कार्य पूरा हो चुका है, उनकी रिपोर्ट तुरंत जमा करवाई जाए। साथ हीए सभी प्रोजेक्ट्स का नियमित फॉलोअप करने और प्रगति विवरण साझा करने के भी निर्देश दिए।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जागरूक करने का किया आह्वान

**जींद।** कुम्हार संगठन हरियाणा सभा के तत्वावधान में भिवानी रोड स्थित बुढ़ाबाबा बस्ती मंदिर की धर्मशाला में कुम्हार समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वेदप्रकाश व जयप्रकाश ने की। बैठक में कुम्हार समाज को शिक्षित, विकसित व हर प्रकार से जागरूक करने पर बल दिया। मुख्यातिथि खेम चंद ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं को दी जाए। बैठक में ललित कुमार को प्रधान चुना गया। मास्टर रविंद्र बेरीवाल व महेंद्र सिंह गिल ने कहा कि समाज के साथ मिलकर सांझा मंच द्वारा प्रदेश में बढ़ रहे लूटपाट, गुंडागर्दी, नशाखोरी, दहेज प्रथा व अत्याचार को खत्म करने के लिए प्रयास करेंगे। जरूरतमंद युवतियों की शादी व गरीब परिवार के लोगों के घर भी बनाए जाएंगे। वहीं मिट्टी के बर्तन बनाने वालों के लिए जमीन दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। सरकार से मिट्टी बनाने वाली मिट्टी की जमीन लेने के लिए आवेदन फार्म गांव-गांव जाकर देने की जिम्मेदारी महेंद्रपाल बंसीवाल को दी गई। प्रदेश में हर घर से 18 वर्ष से अधिक आयु का सदस्य लेकर कमेटी का गठन किया जाएगा।

# किसानों ने कहा : बाजरा और कपास की फसल खराब होने के कगार पर

- सीजेएम ने बरसाती पानी निकासी व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डा. चंद्रहास के निर्देशानुसार सीजेएम मोनिका ने सोमवार को गांव कहसून व काकडोद में बरसाती पानी निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम मोनिका ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने जानकारी देते बताया कि लगातार बरसात की वजह से उनके खेतों में पानी भर गया है, जिसके कारण उनकी खेतों में खड़ी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। उनकी बाजरे व कपास की फसल खराब होने की कगार पर पहुंच गई है। सीजेएम ने ग्रामीणों को आश्वासन देते कहा कि प्रशासनिक अधिकारी लगातार पूरे जिला में नजर रखे हैं और बरसात से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके



जींद। सीजेएम को खराब फसल दिखाते किसान। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। प्रतिभावान छात्राओं को छात्रवृति देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### प्रतिभावान छात्राओं को छात्रवृति दी

**नरवाना।** शहर की सामाजिक संस्था मानव मित्र मंडल ने अपने 16वें स्थापना दिवस पर किड्स मेलोडी स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। मंडल सचिव नरेश वत्स ने बताया कि इस अवसर पर बीएड की होनहार छात्राओं सिमरन व ज्योति को 31 हजार रूपये की शहीद विकास भारद्वाज स्मृति छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। यह छात्रवृत्ति हर वर्ष शिक्षा उपाधि के लिए मेधावी छात्राओं को दी जाती है। इससे पहले छात्रा प्रीति शर्मा और सुमन यादव को यह छात्रवृत्ति मिल चुकी है। भारत विकास परिषद केशव शाखा की सदस्या नितिका गोयल ने मानव मित्र मंडल द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक कार्यों के लिए मंडल को श्रेय दिया व उनका आभार जताया। डा. शालू गर्ग ने कुपवाड़ा में आतंकवादियो से लडते हुए वीरगति को प्राप्त शहीद विकास भारद्वाज के श्रेष्ठ बलिदान को याद किया। गौरतलब है कि मानव मित्र मंडल एक ओर होनहार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण करता है वहीं दूसरी ओर बेटियों के लिए निशुल्क कोचिंग कक्षाओं का आयोजन करता है। बबीता गर्ग, नीतू गोयल, रश्मि भारद्वाज, कर्मचंद मित्तल, राजेश गोयल मौजूद रहे

### महिला खिलाड़ियों के सम्मान व खेलों में उत्कृष्टता के लिए प्रेरणा स्रोत बना समारोह

# नशे को ना व शिक्षा-खेलों में मन लगाएं युवा: सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों नगर की सैनी धर्मशाला में एशियन कबड्डी फेडरेशन के चेयरमैन गुलाब सैनी और विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें हाल ही में चंडीगढ़ में संपन्न हुई जूनियर गर्ल्स नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता कुमारी जन्नत सैनी, कुमारी राधिका तथा जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली एकता सैनी को राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने विजेता खिलाडियों को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। समारोह में एशियन कबड्डी फेडरेशन के चेयरमैन गुलाब सैनी व राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी को आयोजकों द्वारा पारंपरिक पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कर्मवीर सैनी युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हुए शिक्षा व खेलों में अपने लक्ष्य को निर्धारित कर मेहनत करें। क्योंकि युवा ही देश का भविष्य हैं और उनके चरित्र निर्माण से ही समाज और राष्ट्र की दिशा तय होती है। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने सरकार द्वारा खासकर खेलए खिलाडियों व महिला के प्रोत्साहन के लिए बनाई गई विभिन्न खेल नीतियों की विस्तृत जानकारी सांझा करते हुए कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा धरातल पर लागू की गई योजनाओं के फल स्वरूप आज देश व प्रदेश में महिलाएं न केवल खेल व शिक्षा बल्कि भारतीय सेना, विज्ञान, उद्यम, संवैधानिक नियुक्तियों समेत अन्य सभी क्षेत्रों में नए-नए आयाम स्थपित कर रही हैं।



जींद। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

इस समारोह से न केवल खिलाडियों एवं समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान मिला बल्कि युवाओं को एक सकारात्मक दिशा में आगे बढने की प्रेरणा भी मिली। इस मौके पर सफीदों नगर पालिक के पूर्व चेयरमैन सेवा सिंह सैनी, पूर्व सरपंच सुभाष सैनी, श्रीभगवान सैनी, पूर्व सरपंच वीरेंद्र सैनी, रत्ताखेड़ा सरपंच सर्वेश सैनी, रोजला सरपंच जगत सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

### चार्ट बनाओ प्रतियोगिता में अंजू प्रथम

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में लोक प्रशासन विभाग द्वारा चार्ट बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सुनिता दुग्गल ने की तथा कार्यक्रम का आयोजन डा. सुनेत रानी ने किया। चार्ट बनाओ प्रतियोगिता का विषय पंचायती राज संस्थाएं रखा गया। प्रतियोगिता में कुमारी अंजू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुमारी अन्नू ने द्वितीय तथा कुमारी काजल ने तीसरा प्राप्त किया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को भारत में ग्रामीण संस्थाओं, पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के साथ-साथ ग्रामीण आंचल की भूमिका एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत गांव का देश है और वर्तमान में भारतीय ग्रामीण उन्नति की तरफ अग्रसर हो रहे हैं। डा. सुनेत रानी ने स्थानीय संस्थाओं, ग्रामीण स्थानीय शासन, शहरी स्थानीय शासन, 73वें एवं 74वें संवैधानिक संशोधनों के बारे में जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



### कैथल-अंसध मार्ग पर कीचड से चालक परेशान

**राजौंद।** राजौंद में कैथल अंसध मुख्य मार्ग पर सीवरेज पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा हुए चार माह बीत चुके हैं। लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य कार्य पूरा न करने के कारण यह जनता के लिए समस्या कम होने की अपेक्षा बढ़ती ही जा रही है। इसमें चाहे राजौंद का निवासी हो या राहगीर सभी के लिए सड़क व गलियां एक भयानक खतरा बनकर सामने आ रही है। हर रोज दुर्घटनाओं का शिकार होकर आर्थिक व शारीरिक रूप से नुकसान सहने को मजबूर नजर आते है। जब तक बरसात नहीं हुई थी तो यहां के व्यापारी व आम जनता धूल भरे वातावरण से परेशान थे जब से बरसात हुई है।

### टीबी मरीजों को एक माह का राशन वितरित किया

**पूंडरी।** एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन की तरफ़ से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय अस्पताल पुंडरी में 20 टीबी मरीजों को एक महीना का राशन वितरित किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवी विनोद बग्गा और जगदीप वालिया का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के स्टाफ का बहुत सहयोग रहा।

### आरकेएसडी स्कूल ने फिर परचम लहराया

**कैथल।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल कैथल ने सीबीएसई के खेलों में भाग लिया और इन बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए। आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नार्थ जोन जुडो -40 विहान ने द्वितीय स्थान हासिल किया। स्कूल के शारीरिक शिक्षा के अध्यापक श्री पवन शर्मा जी ने यह जानकारी दी कि 5 से 7 सितंबर तक सोनीपत इंडियन स्कूल में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध करवाई

**कैथल।** पशुपालन विभाग कैथल के उप निदेशक डा. सूर्या खटकड़ ने बताया कि घग्गर के जलस्तर के कारण जिन गांवों के खेतों में पानी भरा है, उन गांवों में पशुपालन विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा वर्कर को प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध करवाई गई है। सिविल सर्जन डा. रेणु चावला ने बताया कि गुहला क्षेत्र में 24 घंटे एंबुलेंस की तैनात की गई है।

### शिक्षा की रोशनी असली विकास की निशानी

**सीवन।** पूर्व विधायक बूटा सिंह के बेटे व युवा समाजसेवी कर्मजीत आर्य ने भेंटवार्ता में कहा कि विश्व साक्षरता दिवस समाज को यह याद दिलाने का दिन है कि ज्ञान ही वह दीपक है जो अंधकार मिटाकर रास्ता दिखाता है। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं बल्कि सोच और समझ की गहराई तक जाती है। इसके बिना सभ्यता और संस्कृति अधूरी है।

## जिला बार एसो. में आयोजित सम्मान समारोह में बोले-भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# आम जनता को न्याय दिलवाना भी सेवा का कामः मोहन लाल बड़ौली

**वकीलों का समाज की सेवा में बड़ा योगदान**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल




कैथल। मोहन लाल बड़ौली का स्वागत करते हुए कार्यकारिणी सदस्य।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने कहा कि आम जनता को न्याय दिलाना भी सेवा का काम है। वकील अपने तरीके से समाज सेवा करते हैं। मोहनलाल बड़ोली आज बार परिसर में जिला बार एसो द्वारा उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने वकीलों से अपील की कि वे भी इस दौरान अपने मुवक्किलों की फ्री सेवा करें। वकीलों का समाज की सेवा में बड़ा योगदान है। कहा कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है, इसमें भी वकीलों के योगदान से इंकार नहीं किया जा सकता। भाजपा सत्ता नहीं बल्कि सेवा का माध्यम है। यह साधारण आदमी की पार्टी है। बार एसो द्वारा रखी मांगों का जिक्र करते हुए बडोली ने कहा कि वे लाइब्रेरी के लिए 10 लख अभी मंजूर करते हैं और अतिरिक्त चैंबर, पार्किंग तथा भवन के नवीनीकरण के लिए मुख्यमंत्री से बात करके शीघ्र इन समस्याओं का हल करवाएंगे। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर जिला बार एसो के प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वाधवा, सचिव सचिन सिंघल, सह सचिव अमित रोहिला और कोषाध्यक्ष योगेश भाटिया ने उनका स्वागत किया। विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजबीर कादयान, बार एसो के पूर्व अध्यक्ष अशोक गौतम, पूर्व सचिव मनोज चौहान, हरदीप राणु, मनीष राठी ने भी वकीलों को संबोधित किया।

### बार एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

अपने संबोधन में संदीप शर्मा ने कहा कि कैथल की बार में करीब 1500 वकील हैं लेकिन उनके पास केवल 300 चैंबर हैं जो कि वकीलों की संख्या को देखते हुए बहुत कम हैं। उन्होंने बताया कि पहले भी उन्होंने मुख्यमंत्री से कैथल में नए चैंबर बनाने की बात की थी और वह फाइल अब चल पड़ी है। उन्होंने चेंबर भवन के नवीनीकरण, फर्नीचर, लाइब्रेरी और पार्किंग के लिए भी सहयोग देने की अपील की। बार एसोसिएशन ने इस बारे में बडोली को ज्ञापन भी दिया। बार परिसर में पहुंचने पर एसोसिएशन की ओर से मोहनलाल बडोली, जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, भाजपा नेता अशोक गुर्जर, अशोक शर्मा, उमेश शर्मा, पूर्व विधायक फूल सिंह खेड़ी, शक्ति सौदा का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।



कैथल। हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के साथ अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

## कार्यशाला का आयोजन किया

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से : मोहन लाल

- वंचित और असहाय लोगों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कपिल कमल कैथल में सेवा पखवाड़ा के निमित्त जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। कार्यशाला में विशेष रूप से हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, हरियाणा भाजपा संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, सेवा पखवाड़ा प्रदेश संयोजक एवं विधायक असंध योगेंद्र राणा उपस्थित रहे। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा जीवन समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा है। सेवा पखवाड़ा उसी प्रेरणा का प्रत्यक्ष उदाहरण है। भाजपा कार्यकर्ता गरीब, पीड़ित, वंचित और असहाय लोगों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाएं। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े के अंतर्गत 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 75 यूनिट रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### साधारण कार्यक्रम नहीं

भाजपा संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कोई साधारण कार्यक्रम नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के लिए जनसेवा का महायज्ञ है। हर मंडल और बूथ स्तर तक सेवा की भावना को पहुँचाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अग्रणी भूमिका निभानी होगी।

### यह बोले विधायक

विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान, स्वास्थ्य जांच, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा।

# पवन पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल की प्रशासनिक कमेटी में को-ऑप्डेट मेंबर बने

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। पवन ढुल को नियुक्ति पत्र देते हुए। फोटो: हरिभूमि

कैथल के एडवोकेट पवन ढुल को पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल की प्रशासनिक कमेटी में को-ऑप्डेट मेंबर नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर पवन ढुल ने बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के अध्यक्ष राकेश गुप्ता तथा मेंबर राजकुमार चौहान का आभार व्यक्त किया है। पवन ढुल वर्ष 2009 से जिला अदालत कैथल में प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे वकीलों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह वकीलों की मुख्य समस्या चैंबर और पार्किंग के लिए वे कानून मंत्री से मिलेंगे। इस नियुक्ति पर कैथल के वकीलों ने पवन ढुल को बधाई दी है।बता दें कि पवन ढुल एक युवा समाजसेवी भी हैं। वे युवा काल से ही समाजहित के मुद्दे सरकार व प्रशासन के सामने रखकर उनका हल करवाते रहते हैं। इसके साथ ही वे हर समय समाज की सेवा के लिए भी तत्पर रहते हैं।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई

- आंगनबाड़ी केंद्र माजरा रोहेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेती हुई स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी व महिलाएं।

आंगनबाड़ी केंद्र माजरा रोहेड़ा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन डॉ रेणु चावला के दिशा निर्देश व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान चिकित्सा विभाग से डॉ फरमान अली, एएनएम कमलेश व पूजा के साथ आशा कार्यकर्ता संतोष व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता ने लोगों को जागरूक किया। इस दौरान एएनएम कमलेश ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ व लिंगानुपात पर जागरूकता और शपथ यह दर्शाता है कि समुदाय को बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और समाज में समान अवसरों के महत्व के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। समुदाय के सदस्यों, खासकर महिलाओं को लिंगभेद और लिंग-चयनात्मक उन्मूलन के खिलाफ शिक्षित किया जाता है और एक सशक्त नागरिक बनने की शपथ दिलाकर लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जाए।

### बेटी बचाने की अपील

इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता ने कहा कि बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा सके और उनकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। यह अभियान बेटियों के लिंग अनुपात में सुधार लाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करता है। अभियान का उद्देश्य बेटियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को कम करना और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देना है। प्रत्येक माता-पिता को चाहिए कि समाज में बेटियों के अधिकारों और उनकी शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं। बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए। लड़कियों को कभी लड़कों की तरह शिक्षित करना चाहिए। आशा कार्यकर्ता संतोष ने बच्चों के मां-बाप से बेटी बचाने की अपील की।

# वार्ड अनुसार स्वच्छता कमेटियों का गठन होगा: सुभाष

- स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन ने ली पार्षदों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र बैठक को संबोधित करते हुए।

शहर स्वच्छता अभियान को लेकर नगर परिषद में बैठक का आयोजन किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने बैठक की अध्यक्षता की और नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि विशेष रूप से मौजूद रही। सुभाष चंद्र ने कहा कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए परिषद के सभी 32 वार्डों में स्वच्छता समितियों का गठन किया जाएगा। जिसमें संयोजक पार्षद और सह संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता रहेगा। इस कमेटी में उस वार्ड के सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन व मार्केट एसोसिएशन के साथ साथ सेवानिवृत्त सैनिक, सेवानिवृत्त कर्मचारी और कॉलेज के युवाओं को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि ये कमेटी अपने-अपने वार्ड में नगर परिषद के अधिकारियों के साथ मिलकर स्वच्छता श्रमदान, स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाएंगे, ताकि स्वच्छता के संदेश को जन जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने लोगों से स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की और मुख्यमंत्री नायब सिंह के स्वच्छ हरियाणा के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस अभियान में समाज के सहयोग से अपने प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाएं।

### ये रहे मौजूद

नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार वार्ड वाइज कमेटियों का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही एक-एक अधिकारी को भी नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। प्रशासन, समाज और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से निश्चित रूप से कैथल जिला को स्वच्छता में अव्वल स्थान पर लाया जाएगा। इस अवसर पर वाइस चेयरपर्सन सीमा देवी, पार्षद, कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# पंद्रह को साक्षरता मूल्यांकन होगा

- जनगणना आधारित समूहीकरण अभ्यास के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। मास्टर ट्रेनर स्तुति कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए फोटो: हरिभूमि

शिक्षा विभाग द्वारा सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की कक्षा दो व तीन के सभी विद्यार्थियों के लिए जनगणना आधारित समूहीकरण अभ्यास के तहत प्रत्येक विद्यार्थी का आकलन किया जाना है। जिससे सभी बच्चों की आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में वास्तविक स्थिति का आकलन करके उपचारात्मक योजना बनाने में सहयोग मिलेगा। इन्हीं तैयारियों के तहत डाइट कैथल में जिले के मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में कुमारी स्तुति और आयुषी ने 16 ब्लॉक रिसोर्स पर्सन और 46 असिस्टेंट ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में डाइट स्टाफ ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। विभाग के अनुसार जिले में 15 सितंबर को साक्षरता मूल्यांकन तथा 16 सितंबर को संख्यात्मक मूल्यांकन आयोजित होगा।

### विशेष निगरानी योजना लागू की जाएगी

*जिला निपुण समन्वयक ने बताया कि ये सभी आकलनकर्ता विद्यार्थियों का परीक्षण कर प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर विद्यार्थियों के क्षमता स्तर अनुसार वर्गीकृत करेंगे और संबंधित कक्षा अध्यापक को नोट करवाएंगे। मूल्यांकन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए जनगणना आधारित समूहीकरण अभ्यास की विशेष निगरानी योजना भी लागू की जाएगी।*

# युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

- संसद में होने वाली गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। युवा संसद कार्यक्रम के दौरान अधिकारी और विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौशाला के प्रांगण में जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी जी के निर्देशन में किया गया। इसमें सभी स्टाफ सदस्यों बच्चों ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रोग्राम में बच्चों के द्वारा संसद में होने वाली गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला। में बतौर जज राम रतन पीजीटी राजनीति विज्ञान, डॉक्टर राजकुमार पीजीटी राजनीति विज्ञान वह जितेंद्र कुमार ने ज्यूरी पैनल जिनको जिला शिक्षा कार्यालय कैथल के द्वारा मनोनीत किया गया था।

### विपक्ष की भूमिका लखविंदर ने निभाई

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन व आसपास के सभी स्कूलों के प्रिंसिपल गौरा सिंह, सुभाष, रणवीर, मौलिक मुख्याध्यापक राजेंद्र, सरपंच प्रतिनिधि दिलबाग सिंह एसएमसी प्रधान व सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पक्ष की भूमिका सकीना ने और विपक्ष की भूमिका लखविंदर ने निभाई। कार्यक्रम में जज साहब ने बच्चों के कार्यक्रम को देखकर उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मीनू रानी, कमलेश देवी, मनोज लौहान, हरदीप सिंह व अन्य स्टाफ सदस्यों का बहुत बड़ा योगदान रहा। अंत में स्कूल प्राचार्य जोगेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों स्टाफ सदस्यों व बच्चों का धन्यवाद किया।

## जिंदल हाउस के प्रभारी शंकर लाल गोयल ने सौंपा पांच लाख का चेक

# सांसद जिंदल ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की सहायता को सौंपा 5 लाख का चेक

**पूर्व विधायक लीला राम, पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत भी रहे मौजूद**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। जिंदल हाउस कैथल के प्रभारी शंकर लाल गोयल डीसी प्रीति को ज्ञापन सौपते हुए। फोटो: हरिभूमि

सांसद नवीन जिंदल द्वारा पंजाब में बाढ़ पीड़ित लोगों की सहायता के लिए पांच लाख रुपये का चेक दिया है। जिंदल हाउस कैथल के प्रभारी शंकर लाल गोयल ने डीसी प्रीति के माध्यम से भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर पूर्व विधायक लीला राम, पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत भी मौजूद रहे। डीसी प्रीति ने इस नेक कार्य के लिए सांसद नवीन जिंदल का धन्यवाद व्यक्त किया और आमजन से आह्वान किया कि वे पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा में मदद के लिए आगे आएं। जिला प्रशासन के साथ तालमेल करते हुए राहत सामग्री पहुंचाएं। पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने पंजाब में जो प्राकृतिक आपदा आई है, उसके दृष्टिगत वहां पर जनता की मदद करने के लिए पांच लाख का चेक दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिलाया कि भविष्य में भी जितनी मदद हो सकेगी, वो करेंगे। पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने पांच लाख रुपये की राशि पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए दी है। यह बहुत ही सराहनीय कदम है।

### प्राकृतिक आपदा में पंजाब के साथ: ज्योति

भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा के समय हम पंजाब के लोगों के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राहत सामग्री भेजी जा रही है। आज भी सांसद नवीन जिंदल की ओर से पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ पांच लाख रुपये का चेक भेजा गया है। आगे भी जितने भी चेयरमैन, वाइस चेयरमैन व अन्य कार्यकर्ताओं इस आपदा में मदद करने का काम कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सरकार ने खोला ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल : डीसी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अत्यधिक बारिश से हुए नुकसान की भरपाई के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। किसान इस पोर्टल पर आगामी 15 सितंबर तक अपनी फसल खराबे की पूरी जानकारी अपलोड कर सकते हैं। किसान स्वयं, सीएससी सेंटर के माध्यम फसल खराबे की रिपोर्ट दर्ज कर सकेंगे।

### 10 हजार रुपये मांगने के में बेल जंपर काबू

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ के एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव देवबन निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पवन पर 25 जनवरी 2023 को चंदाना गेट कैथल पर एक व्यक्ति को खुद को डीसी ओफिस का कर्मचारी बताकर बीपीएल कार्ड कटने के बात कहते हुए 10 हजार रुपए मांगने का आरोप है।
जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज है।

### घग्गर से लगते गांवों में किसानों को किया जागरूक

**गुहला-चीका।** कृषि विभाग एसडीओ कंचन शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा घग्गर के नजदीक गांवों में किसी भी दुर्घटना से बचने और जन सुरक्षा, जान-माल की सुरक्षा तथा संपत्ति की सुरक्षा हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को संवेदनशील जगह जहां पर पानी का बहाव ज्यादा है, वहाँ पर जाने से परहेज बरतने की सलाह दी गई है। पुलों, रिंग-रोड व बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखें। घग्गर के जलस्तर बढ़ने के कारण खेतों में पानी पहुंचा है।

### हिंदी संगम साप्ताहिक दिवस का हुआ शुभारंभ

**राजौंद।** किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन किठाना में हिंदी संगम साप्ताहिक दिवस के प्रथम दिन निबंध लेखन प्रतियोगिता से शुरुआत हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय हिंदी भाषा का महत्व और संवर्धन रखा गया।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिंदी की महता,उसकी सांस्कृतिक जड़ों और वर्तमान समय में उसके वैश्विक स्वरूप पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

### तीन मामलों में साइबर ठगों ने लाखों ठगे

**कैथल ।** कैथल में साइबर ठगों ने अलग-अलग तीन मामलों में लाखों रुपए की धोखाधड़ी की। पहले मामले में सुभाष नगर कैथल की कंचन ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि साइबर ठगों द्वारा उसके साथ 46102 रुपए की धोखाधड़ी की। दूसरे मामले में गांव कठवाड के बलबीर सिंह ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि साइबर ठगों ने गांव के सरकारी स्कूल का राकेश मास्टर बनते हुए उसे टेक्स्ट मैसेज भेज कर उसे 35000 की धोखाधड़ी की। तीसरे मामले में खेती शेरू के नरेश ने तितरम ने बताया 13000 की धोखाधड़ी की।

## निजी व सरकारी अस्पताल में हर दूसरा मरीज वायरल से ग्रस्त

# मौसम में बदलाव से बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग, बढ़ी ओपीडी

**स्वास्थ्य विभाग को मिले डेंगू के दो नए मामले मिले, कुल हुए 14।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





**जींद।** नागरिक अस्पताल में ओपीडी के लिए आए मरीज व तिमारदार। व नागरिक अस्पताल में दवाई के लिए लाइन में लगे लोग। फोटो : हरिभूमि

लगातार बारिश के मौसम के बाद अब पिछले दो दिनों से धूप निकल रही है। ऐसे में मौसम उमस भरा रह रहा है। दिन के समय गर्मी व रात के समय ठंड का अहसास होने का असर अब मानव शरीर पर होने लगा है। इस समय सर्दी, जुखाम, बुखार, गला खराश व एलर्जी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल, निजी अस्पतालों की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर सर्दी या खांसी की शिकायत है। हालांकि चिकित्सक द्वारा अहतियात के तौर पर हर मरीज के टैस्ट करवाए जा रहे हैं। जिनमें मलेरिया, डेंगू टैसट भी शामिल है। बावजूद इसके लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंच रही

स्वास्थ्य विभाग को डेंगू के दो नए मामलों की रिपोर्ट मिली है। जिसके चलते जिला में डेंगू का आंकड़ा 14 पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग को रामनगर रोहतक रोड के 55 वर्षीय व्यक्ति व सफीदों की 20 वर्षीय युवती की डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट मिली है।

### प्रतिदिन पहुंचते हैं 1800 मरीज

नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 1800 ओपीडी स्लिन बन रही है। सोमवार व शनिवार को यह संख्या दो हजार तक पहुंच जाती है। इनमें से लगभग 250 मरीज ऐसे लोग होते हैं जो वायरल, सर्दी, खांसी, जुखाम व एलर्जी से पीड़ित होते हैं। ये लोग निजी अस्पतालों में भी उपचार लेते हैं। कई दिन तक बुखार रहने से डेंगू, मलेरिया, निमोनिया की स्थिति बन जाती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने लगती है।

### बुखार क्या है

फिजिशियन डा. विनिता ने बताया कि सामान्य मानव शरीर का तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस या 98.6 डिग्री फारेनहाइट होता है। जब शरीर का तापमान इससे ऊपर चला जाता हैए तो उसे बुखार कहा जाता है। शरीर के तापमान का बढ़ा हुआ होना यह संकेत है कि आपका शरीर किसी वायरल या बैक्टीरियल संक्रमण से लड़ रहा है।

### वायरल बुखार के लक्षण

*वायरल बुखार के मुख्य लक्षण दस्त लगना, त्वचा पर लाल रेशे, गले में खराश और कंपकपी, खांसी, जुखाम, तेज बुखार, थकान, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों व बदन में दर्द, सिर और गले में दर्द, आंखें लाल होना आदि हैं। इसके अलावा 100 डिग्री सेल्सियस से अधिक बुखार आना, पेट दर्द, सिर दर्द, भूख कम लगना, थकान लगना, सांस लेने में कठिनाई होना मुख्य लक्षण हैं। पसीना आना, शरीर में दर्द रहना, ठंड लगना, थकान और कमजोरी, भूख में कमी, डिहाइड्रेशन, जी मिचलाना भी शामिल है।*

### कारण

किसी संक्रमित व्यक्ति के स्पर्श या भोजन के माध्यम से संपर्क में आने से वायरल हो सकता है। दूषित भोजन और पानी का सेवन करने से भी वायरल होता है। किसी संक्रमित व्यक्ति के वायरस युक्त ड्रॉपलेट को इन्हेल करने से भी मौसमी फ्लू हो सकता है।

### बरती जाने वाली सावधानियां

वायरल के लिए पूरा आराम करना महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने और शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी और अन्य तरल पदार्थों पिएं। स्वस्थ और हल्का भोजन करें। पचने में आसान भोजन शरीर को जल्दी स्वस्थ होने में मदद कर सकता है। व्यक्तिगत और अपने आसपास की स्वच्छता बनाए रखें। वायरस फैलने के जोखिम को कम करने के लिए लोगों से दूरी बनाए रखें।

### वायरल होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाएं : डॉ. बिजेंद्र


जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को डेंगू के दो नए मामले मिले हैं। अबतक विभाग को डेंगू के 14 मामले मिल चुके हैं। वायरल होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# सीएम विंडो पर समाधान नहीं, अब सीएम से आस

## आठ लोगों पर पंचायत जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

संडील निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही आठ लोगों पर पंचायत जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत सीएम विंडो व समाधान शिविर में दी है। सीएम विंडो व समाधान शिविर में दी शिकायत में संडील निवासी सतबीर ने बताया कि गांव की शामलात उपजाऊ जमीन पर गांव के ही किताबा, शमशेर, धर्मबीर, हरिकेश, कृष्ण, गुलाबा आदि लोगों ने वर्ष 2021से अवैध कब्जा किया हुआ है। इससे पहले पंचायत उक्त पंचायती जमीन की बोली भी करवाती आई है। जोकि अलग-अलग लोगों ने बोली पर छुड़वाई हुई है। इन लोगों ने 1970 और 1985 में पंचायती जमीन को



**जींद।** संडील गांव में 1985-86 में ठेका पर छुड़वाई जमीन की कटी दिखाई देती रसीद।

बोली पर छुडवाया था। जिसमें नहरी विभाग ने इन लोगों के नाम गिरदावरी की थी, जिसके चलते उन्होंने जींद कोर्ट में केस लगाया है। जिसमें अदालत ने 29 अक्तूबर 2021 को एक आदेश जारी कर कहा गया कि जैसी स्थिति है वैसे ही रखा जाए कि पंचायत को अधिकार है कि अपने विवेक पर कार्रवाही कर सकती है।

लेकिन उस समय के ग्राम सचिव ने आदेशों की पालना न करते हुए कोर्ट के दिए नोटिस को देखकर इसजमीन की बोली रूकवा कर मिलीभगत करके इनआदमियों का कब्जा करवा दिया। यही नहीं इस्तेमाल से लेकर 2021 तक ग्राम पंचायत ही इस जमीन की बोली करवाती आई है। जिसको लेकर शिकायत कर्ता ने इसकी शिकायत सीएम विंडो तथा समाधान शिविर, डीडीपीओ तथा उपायुक्त जींद को दी, लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। जिसके कारण शिकायतकर्ता मामले को लेकर सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी को मिलेगा।

### जमीन गैर मरूसी है, इस्तेमाल से कब्जा : बीडीपीओ

अलेवा बीडीपीओ अक्षयदीप चौहान ने बताया कि जमीन गैर मरूसी है। इस्तेमाल से जमीन पर इन लोगों का कब्जा है। मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण फिलहाल विभाग कुछ नही कर सकता है। कोर्ट से जो भी आदेश होगा उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना भारतीय अधिवक्ता परिषद का उद्देश्य : दीपक

*गोपाल स्कूल में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने मनाया स्थापना दिवस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गोपाल स्कूल में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जींद इकाई द्वारा परिषद का स्थापना दिवस एडवोकेट मनोज शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के डिप्टी एडवोकेट जनरल दीपक वशिष्ठ ने शिरकत की। मुख्य वक्ता भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रांत महामंत्री जितेंद्र वत्स ने शिरकत की। मुख्य अतिथि दीपक वशिष्ठ ने कहा कि वकील केवल न्यायालय तक सीमित नहीं है बल्कि समाज के हर वर्ग तक उसकी नैतिक जिम्मेदारी पहुंचती है। अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना परिषद का उद्देश्य है। अधिवक्ता परिषद उसी विचारधारा के साथ वकीलों को राष्ट्र निर्माण की धारा से जोड़ती है। मुख्य वक्ता जितेंद्र वत्स ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, प्लास्टिक से मुक्ति, स्वदेशी अपनाना और सामाजिक समरसता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें जातिगत भेदभाव भूल कर समाज की एकता को मजबूत करना होगाए तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। एडवोकेट कविता शर्मा ने परिषद स्थापना की पृष्ठभूमिए संगठन के उद्देश्यों और अब तक किए गए जनसेवी कार्यों की जानकारी दी।

## नगूरां गांव में स्वास्थ्य विभाग की सात टीमों ने लारवा की जांच, किया जागरूक



**जींद।** नगूरां गांव में महिला के खून की जांच करती स्वास्थ्य कर्मचारी।

**अलेवा।** स्वास्थ्य विभाग की सात टीमों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार नगूरां गांव में घर-घर पहुंचकर डेंगू के लारवा की जांच की। इस दौरान टीम ने लोगों को डेंगू के प्रति सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि बारिश के मौसम में नालियों ओर गडढों के अलावा छत पर पड़े कबाड़ आदि में पानी भरने के कारण मच्छरों का लारवा के पनपने की संभावना बढ गई है। इसलिए लोगों को अपने घरों में होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे, गमले, टायर आदि की सप्ताह में एक बार सफाई जरूर करनी चाहिए। नालियों व गड्ढों में काला तेल, डीजल आदि डालना चाहिए ताकि मच्छर का लारवा खत्म हो सके। डेंगू के लक्षण आदि होने पर अपने नजदीक स्वास्थ्य केंद्र या फिर नागरिक अस्पताल में खून की जांच करवा लेनी चाहिए ताकि बीमारी पर समय रहते काबू पा सके। इस दौरान टीमों ने 43 लोगों के खून के नमूने लेकर जांच के लिए लैब में भेजे। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी सुभाष, अनिल, कुलदीप के अलावा एएनएम सविता, हरिता, नवीन तथा सभी आशा वर्कर उपस्थित थी।

# सफीदोंवासियों को दिल्ली के लिए मिली एसी बस की सुविधा

*सरकार आमजन की सुविधाओं में लगातार कर रही है बढ़ोत्तरी : विधायक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों विधानसभा क्षेत्र की जनता को अब दिल्ली आने-जाने में और अधिक सुविधा मिली है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सफीदों बस स्टैंड से दिल्ली के लिए वातानुकूलित बस सेवा की शुरुआत कर दी गई है। इस सुविधा का शुभारंभ सोमवार को सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने बस स्टैंड परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन की सुविधाओं में लगातार बढोत्तरी कर रही है। इसी क्रम में यातायात की सुविधाओं में और अधिक इजाफा कर रही है। इसी तरह सफीदों से दिल्ली की यात्रा सुखदमय बनाने के लिए उपमंडलवासियों के लिए ऐसी बस की सौगात मिली है। सफीदों विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए हरियाणा रोडवेज की यह ऐसी बस सेवा एक महत्वपूर्ण कदम है। अब स्थानीय नागरिकों, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों तथा व्यापारियों को दिल्ली जाने के लिए आरामदायक यात्रा का विकल्प उपलब्ध हो गया।




**जींद।** सफीदों से दिल्ली के लिए रवाना होती एसी बस। फोटो :हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

*इस मौके पर एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, नायब तहसीलदार संजय कुमार, रोडवेज विभाग से टीएम नरेंद्र शर्मा, बीजेपी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सक्षम भाटिया, जिला सचिव सुखदेव राणा, सतीश कुमार सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।*

## पंजाब में बाढ़ पीडितों को मदद

# मिड्ढा ने पंजाब सीएम राहत कोष में दी एक महीने की सैलरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा ने अपनी एक महीने की सैलरी भी पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में पंजाब के बाढ़ पीडितों को सहायता के लिए दी है और प्रशासनिक अधिकारियों व आमजन से भी आगे आकर इस पंजाब बाढ़ पीडितों की सहायता करने का आह्वान किया है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि लगातार भारी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले पानी के कारण हरियाणा के साथ-साथ पंजाब राज्य में जहां नदियां और नाले उफान पर थे। वहीं हरियाणा प्रदेश के लोग कड़ी मेहनत, मशक्कत, धैर्य और जज्बे का प्रदर्शन करते हुए बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता करने में बढ़चढ़ कर आगे आए हैं। इस तरह के जज्बे के साथ हम किसी भी विकट आपदा से निपटा जा सकता है। हरियाणा ने पंजाब को हमेशा अपना बड़ा भाई माना है और हर संकट व आपदा के समय हरियाणा के प्रत्येक नागरिक पंजाब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमेशा खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा हरियाणा प्रदेश पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा है।

### विश्व साक्षरता दिवस पर खंड स्तरीय प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

**उचाना।** विश्व साक्षरता दिवस राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी में खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग, निबंध प्रतियोगिता, डिबेट, कार्टून मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी ने कहा कि आज भारत की साक्षरता दर बहुत तेजी से बढ़ रही है विश्व के मानचित्र पर भारत साक्षरता की दृष्टि से अग्रणी देश में है। खंड उचाना में इसी कड़ी में विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए खंड उचाना में प्रत्येक गांव में नोडल अधिकारी बनाए गए हैं और अब तक दो बार विभाग की तरफ से परीक्षाओं का आयोजन भी किया गया है। तीसरी कक्षा तक के प्रमाण पत्र भी बांटे गए। अधिक से अधिक को साक्षर बनाने का अभियान चलाया गया है। इस मौके पर सरोज श्योकंद प्रधानाचार्य, सुशील कुमार बीआरपी, डाइट ईक्कस से दलबीर सिंह, कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र सिंह मौजूद रहे।



विश्व साक्षरता दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता। फोटो : हरिभूमि

## जरूरतमंद मरीजों की मदद को आगे आएं: सतपाल जांबा

# गांव फरल में दो बीमार परिवारों को दी 80 हजार की मदद

**एक्सीडेंट के चलते सात-आठ महीनों से घर पर ही बिस्तर पर पड़ा हुआ है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी हलका विधायक सतपाल जांबा ने एक बार फिर नेकी और सेवा भाव की मिसाल कायम करते हुए गांव फरल में दो जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक मदद प्रदान की। विधायक जांबा गांव फरल पहुंचे और वहां जिले राम, जो पिछले सात माह से ब्रेन हेमरेज की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, उनके घर जाकर हालचाल जाना। उन्होंने उपचार के लिए जिले राम के परिजनों को 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी और आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इसी तरह मदद करते रहेंगे।




**कैथल ।** बीमार जिले सिंह का हालचाल पूछते विधायक सतपाल जांबा।

वहीं, ग्रामीणों ने विधायक को जानकारी दी कि गांव का ही एक युवक प्रदीप शर्मा एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे में उसके सिर पर चोटें आईं और उसकी याददाश्त भी कमजोर हो गई। घर पर पत्नी व दो छोटे बच्चे है। एक्सीडेंट के चलते वह पिछले सात-आठ महीनों से लाचारी की स्थिति में घर पर ही बिस्तर पर पड़ा हुआ है। इस पर विधायक जांबा स्वयं उसके घर पहुंचे और दवाइयों व उपचार हेतु 40 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। परिजनों ने बताया कि प्रदीप के इलाज का खर्च काफी अधिक है और दवाइयों के बिल लगातार बढ़ रहे हैं, ऐसे में यह मदद उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी।

ग्रामीणों ने विधायक के इस मानवीय कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और पूरे गांव में यह चर्चा का विषय बन गया। विधायक जांबा ने कहा कि सरकार जरूरतमंदों के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराती है और उन्हें भी इस प्रकार की सहायता हेतु फंड दिए जाते हैं। इसी नीति के तहत वह व्यक्तिगत रूप से आगे आकर गरीब, बीमार और लाचार लोगों की मदद करते हैं। उन्होंने अपील की कि यदि समाज में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की स्थिति में नजर आता है तो तुरंत उन्हें इसकी सूचना दें।

### विधायक सतपाल जांबा ने कहा-एकमात्र उद्देश्य हलके के लोगों की सेवा करना

*विधायक ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य हलके के लोगों की सेवा करना और क्षेत्र का हर दृष्टि से विकास करना है। उन्होंने गांव फरल की विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि गांव में सीवरेज लाइन बिछाने के कारण जो गलियां खराब हो गई थीं, उनकी शीघ्र ही ग्रांट जारी कर दी जाएगी। लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से गांव की तमाम गलियों का निर्माण कराया जाएगा।सरकार मूलभूत सुविधाएं देने के लिए वचनबद्ध है और वह स्वयं भी इस दिशा में तत्पर रहते हैं ताकि प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस मौके पर जगदीश कोयत्रा, सुनील शर्मा, सोनू, प्रदीप कुमार और निजी सचिव अरुण गुलाटी सहित कई लोग मौजूद रहे।*